>

Title : Need to provide water from Narmada Project for drinking and irrigation purposes to villages in Barmer Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री हरीश चौधरी (बाड़मेर): नर्मदा नहर परियेजना से राजस्थान भू-भाग को लाभ पहुंचाने के लिए 1996 में एक योजना का आरंभ किया गया था, जिससे मेरे संसदीय क्षेत्र बाड़मेर के 639 गांवों के लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने एवं 108 गांव को सिंचाई सुविधाएं दिलाने का प्रस्ताव राजस्थान का बाड़मेर जिला मरूस्थलीय है एवं पानी का यहां पर अत्यंत अभाव है। केन्द्र सरकार से मांग है कि बाड़मेर जिले के पंचायत समिति चोहटन, धोरिमन्ना व सिणधरी में पेयजल की योजना बनाकर जल्दी से लागू कराई जाये।

सदन के माध्यम से अनुरोध है कि नर्मदा नहर परियोजना के अंतर्गत पेयजल की आपूर्ति करने के कार्य को सुनिश्चित किया जाये एवं उपरोक्त पंचायत समितियों को इस परियोजना से तत्काल जोड़ा जाये।